प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

प्रधानमंत्री–वेबीनार रोजगार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रोजगार पर बजट–पश्चात वेबिनार में भाग लेंगे। वेबिनार के प्रमुख विषयों में लोगों में निवेश, अर्थव्यवस्था और नवाचार शामिल हैं। प्रधानमंत्री इस अवसर पर लोगों को भी संबोधित करेंगे। वेबिनार सरकार, उद्योग, शिक्षाविदों और नागरिकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देगा और परिवर्तनकारी बजट घोषणाओं को प्रभावी परिणामों में बदलने के लिए चर्चाओं को प्रोत्साहित करेगा। वेबिनार में विचार–विमर्श का उद्देश्य टिकाऊ और समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त करना, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में नेतृत्व तथा 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में काम करने वाले एक कुशल, स्वस्थ कार्यबल का निर्माण शामिल है।

अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव

मंडी में चल रहा सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव आज संपन्न हो जाएगा। समापन समारोह में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मुख्य अतिथि होंगे। राज्यपाल अपने दो दिवसीय दौरे पर कल मंडी पहुंचें। उनके साथ लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल भी उपस्थित थीं। मंडी पहुंचने पर राज्यपाल का नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और अन्य विधायकों ने स्वागत किया। राज्यपाल ने कल सांस्कृतिक संध्या में भाग लिया। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे मंडी जिला संवाददाता।

––डिस्पैच––

पंचायत मॉडल

पंचायती राज मंत्रालय आज नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय सम्मेलन में महिलाओं के अनुकूल ग्राम पंचायत मॉडल की शुरूआत करेगा। यह पहल मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 समारोह का एक हिस्सा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक जिले में कम से कम एक महिला–अनुकूल ग्राम पंचायत स्थापित करना है। कार्यक्रम में पंचायती राज राज्य मंत्री एस.पी. सिंह बघेल, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल तथा विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

वकील निर्णय

प्रदेश की सभी अदालतों में आज और कल वकील अदालतों में कार्य नहीं करेंगे। हिमाचल प्रदेश संयुक्त समन्वय संघर्ष समिति ने यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया है। समिति ने पूरे प्रदेश के वकीलों के सुझाव पर यह निर्णय लिया है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता।

––डिस्पैच––

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि बीते दिनों हुए हिमपात व बारिश के चलते कई स्थानों पर भूस्खलन से अभी भी बिजली, पानी व सड़क सुविधा पूर्ण रूप से सुचारू नहीं हो पाई है। इस बर्फबारी के बाद जहां जनजातीय जिलों में शीतलहर बढ़ गई है वहीं व्यवस्थाओं को भी पटरी पर लाने के प्रयास जारी हैं। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में आज से अगले चार दिनों तक मौसम साफ रहेगा।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से...

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से पंजाब केसरी और अमर उजाला ने सुर्खी है दो हजार पदों के लिए जल्द शुरू होगी भर्ती, आयु सीमा में दो वर्ष मिलेगी छूट। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है ओवरएज अभ्यर्थियों को भर्ती में मिलेगी दो साल की रियायत।

दैनिक जागरण की एक खबर है होटल, पेट्रोल पंप, शॉपिंग माल का चुकाना होगा एक प्रतिशत सेस।

बागवानों को एमआईएस के तहत बेचे सेब की पेमेंट के लिए करना होगा और इंतजार शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है बजट पारित होने के बाद अगले वित्त वर्ष में ही मिल सकता है बागवानों को पैसा।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है चौंकाने वाला होगा हिमाचल कांग्रेस का अगला प्रदेशाध्यक्ष।

आपका फैसला की एक सुर्खी है शिमला में प्रॉपर्टी टैक्स न देने वालों का कटेगा बिजली और पानी का कनेक्शन।

....